प्रतिभागी वीडियो का आलेख, 10/24/2012

एनहेन्स सर्वेक्षण (NHANES) क्या है?

एनहेन्स सर्वेक्षण (NHANES) में आपका स्वागत है। एनहेन्स या राष्ट्रीय स्वास्थ्य परीक्षण और पोषण संबंधित सर्वेक्षण अमेरिका का सबसे सफल और दीर्घकालिन स्वास्थ्य संबंधित सर्वेक्षणों में से एक है। एक प्रतिभागी के रूप में आपको स्वास्थ्य परीक्षण (टेस्ट) और उनके परिणाम (रिसल्ट), सभी निःशुल्क प्राप्त होंगे। इन परीक्षण परिणामों से संयुक्त राज्य अमेरिका के अनुसंधानकर्ताओं को स्वास्थ्य संबंधी प्रवृत्तियों को समझने में सहायता मिलेगी।

मेरा चयन कैसे किया गया है?

आपको आश्चर्य हो रहा होगा कि आपको क्यों चुना गया है। आपको संयुक्त राज्य अमेरिका की जनगणना के अनुसार एक सांख्यिकीय प्रक्रिया के माध्यम से सर्वेक्षण में चुना गया है। एक चुने गए प्रतिभागी के रूप में, आप अपने जैसे लगभग पैसंठ हजार (65,000) लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम इस सर्वेक्षण में स्वयंसेवकों को स्वीकार नहीं करते हैं। आपकी सूचना और परीक्षण परिणाम सर्वेक्षण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कोई और व्यक्ति आपका स्थान नहीं ले सकता है।

मुझे इससे क्या लाभ हैं?

आइए आपको प्रतिभाग लेने के फायदों के बारे में बताते हैं। आपको बिना किसी शुल्क के स्वास्थ्य परीक्षण और उनके परिणाम प्राप्त होंगे। आपके विशिष्ट परीक्षण परिणाम, आपकी आयु, लिंग, वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, और चिकित्सा उपचार पर निर्भर करते हैं। ये परिणाम संभवतः आपको किसी भी डॉक्टर से नियमित रूप से दिये जाने वाले परिणामों की तुलना में कहीं ज्यादा विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। आपको इस परीक्षण में सम्मिलित होने के लिए मुआवज़ा भी दिया जायेगा।

हम इस सर्वेक्षण में कैसे भाग ले सकते हैं?

इस सर्वेक्षण में आप इस प्रकार से **भाग** ले सकते हैं। यदि आपके घर को सर्वेक्षण के लिए चुना गया है तो साक्षात्कर्ता या इंटरव्यूवर द्वारा व्यक्तिगत रूप से आपको संपर्क किया जाएगा। साक्षात्कर्ता आपके चुनाव का निर्धारण करेगा। यदि आप सर्वेक्षण के पात्र हैं तो साक्षात्कर्ता आपसे आपके घर पर आपके स्वास्थ्य इतिहास के बारे में कुछ प्रश्न पूछेगा। उसके बाद आपको हमारे मोबाइल सुविधाकेंद्र पर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आमंत्रित किया जाएगा और परीक्षण का समय नियमित किया जाएगा।

क्या मेरी सूचना गोपनीय रखी जाएगी?

एनहेन्स सर्वेक्षण आपकी व्यक्तिगत सूचना और परीक्षण संबंधित परिणामों की गोपनीयता की गारंटी देता है। आपके घर पर एकत्रित किये गए स्वास्थ्य इतिहास और मोबाइल सुविधाकेंद्र पर स्वास्थ्य परीक्षण से प्राप्त की गई सारी सूचना को अत्यधिक सुरक्षित और गोपनीय रखा जाएगा। हम कभी भी किसी को आपकी सहमति के बिना कोई ऐसी सूचना नहीं देगें जो आपकी या आपके परिवार की पहचान करा सकती हो।

मेरी सूचना का इस्तेमाल कैसे किया जाता है?

एनहेन्स सर्वेक्षण में एकत्रित की गयी सूचना का इस्तेमाल अनेक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रयोजनों के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए, बच्चों की लंबाई और वजन की निगरानी रखने के लिए डॉक्टरों के कार्यालयों में आप बच्चों के विकास संबंधी चार्टों से परिचित होंगे। एनहेन्स सर्वेक्षण में एकत्रित की गयी सूचना का इस्तेमाल अक्सर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रवृत्तियों की पहचान करने के लिए किया जाता है। इसमें मोटापा, मधुमेह, और उच्च रक्तचाप का पता लगाना भी सम्मिलित है।

यदि एनहेन्स सर्वेक्षण के बारे में आपको कोई प्रश्न है या आप अधिक जानकारी चाहते हैं तो कृपया अपने सूचना पत्र पर लिखे हमारे निःशुल्क टेलीफोन नंबर पर संपर्क करें। हमारा निःशुल्क टेलीफोन नंबर एक-आठ जीरो जीरो–चार पाँच दो-छः एक एक पाँच (1-800-452-6115) है। हम सोमवार से शुक्रवार तक सुबह साढ़े आठ (8:30am) बजे से शाम छः (6:00pm) बजे ईस्टर्न टाइम तक उपलब्ध हैं।